राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

04 मार्च 2023: शनिवार: वर्ष– 03: अंक – 47

मम्मी सो रही है
आज की कविता

मम्मी सो रही हों तो फिर बच्चों की मौज ही मौज। न कोई रोकने वाला न कोई टोकने वाला। न पढ़ाई का घंटा और न खाने का टंटा। दौड़ भाग और उठापटक, कभी यहाँ झटक कभी वहाँ लटक। ऐसी ही धमाचौकड़ी वाली कविता सुनते हैं आज। इस कविता को सुनने के लिए विडियो के चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। RSLPP

अब तुम गए काम से
आज की कहानी

मेंढक तैयार है ततैये को दबोचने के लिए। पर यह क्या? ततैया मेंढक को कह रहा है "अब तुम गए काम से, ज़रा पीछे तो देखो "। पीछे कौन है ? क्या ततैया मेंढक के चंगुल से छूट पायेगा? या फिर मेंढक काम से जायेगा। जानने के लिए चित्र पर क्लिक करो और कहानी के साथ खेल का भी मज़ा लो।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Learn

मार्को पोलो
आज की किताब

क्या आपने मार्को पोलो के बारे में सुना है? बचपन से ही लम्बी लम्बी यात्राओं के शौक़ीन रहे मार्को पोलो एक इतालवी व्यापारी, खोजकर्ता और राजदूत थे। तेरहवीं शताब्दी में उसके द्वारा की गई यात्रायें किसी परीकथाओं से कम नहीं है। उन दिनों दो देशों की यात्रा करना उतना आसान भी नहीं हुआ करता था। यूरोप से एशिया की यात्रा करना तो बिलकुल आसान नहीं। चित्र पर क्लिक कर आप भी करें सिल्क रूट की यात्रा।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

ठंडे पानी का थर्मस
आज की गतिविधि

गर्मियों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। अब ठंडे पानी की जरुरत पड़ने वाली है। और पानी को ज्यादा देर तक ठंडा भी रखना है? आपके लिए इस बार अरविंद गुप्ता जी प्रस्तुत कर रहे हैं पानी को ज्यादा देर तक ठंडा रखने की गतिविधि को। इस गतिविधि में घर में उपलब्ध चीजों से आप अपना थर्मस बना सकते है। जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें और वीडियो देखें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

ये किस हिन्दी का उपयोग करती हैं पाठ्यपुस्तकें?
टीचर्स कॉर्नर

नीतिगत दस्तावेज लगातार मातृ भाषा, स्थानीय भाषा की वकालत करते रहते हैं लेकिन पाठ्यपुस्तकें अपना अलग ही चरित्र लेकर चलती हैं। पाठ्यपुस्तकें बोलचाल की भाषा से परहेज करती हैं। अब ऐसे में अवधारणा समझना और भी दुरूह हो जाता है जब हमें भाषा के स्तर पर ही संघर्ष करना पड़ रहा हो। पाठ्यपुस्तकों को लेकर अपने अनुभव के आधार पर लेखिका उमा सुधीर इस मसले से जुड़े कुछ और पहलुओं को भी रेखांकित कर रही हैं। चित्र पर क्लिक कर लेख पढ़े।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

लाइब्रेरी का जादू
हमारा पुस्तकालय

हरमान राम चित्तौडगढ़ जिले में राजकीय विद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष हैं और ये अपने विद्यालय के पुस्तकालय में बच्चों के बीच पढ़ने के आनंद के अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। पुस्तकालय की ताकत को पहचानने और उसे विस्तार देने में लगे शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष इसकी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आइए इस बार पुस्तकालय के अनुभवों को लेकर पढ़ते हैं हरमान राम का ब्लॉग।

शिक्षकों के लिए। RSLPP

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 149वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।